15/06/2026

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते - FTA पर वार्ताओं को आगे बढ़ाने में स्लोवाकिया के समर्थन के लिए स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष इस समझौते को शीघ्र लागू करने की दिशा में कार्य करेंगे, जिससे दोनों देशों के उद्योगों, स्टार्टअप्स और व्यापारियों को लाभ मिलेगा। आज ब्रातिस्लावा में स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि FTA का सफल निष्कर्ष भारत-यूरोपीय संघ आर्थिक संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा और भारत तथा स्लोवाकिया के बीच द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग के नए अवसर खोलेगा।

0000000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज ईटानगर के निकट गुंगू में अरुणाचल प्रदेश बांस एवं बेंत प्रौद्योगिकी केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि बांस राज्य की सबसे बड़ी प्राकृतिक संपत्तियों में से एक है, जो सतत आर्थिक विकास, उद्यमिता, रोजगार सृजन और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने की क्षमता रखता है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नवस्थापित केंद्र अरुणाचल प्रदेश के विशाल बांस संसाधनों को मूल्यवर्धित उत्पादों में परिवर्तित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ ही स्थानीय युवाओं, कारीगरों, स्वयं सहायता समूहों और उद्यमियों के लिए आजीविका के अवसर भी पैदा करेगा। मुख्यमंत्री ने केंद्र की स्थापना में योगदान देने वाली अरुणाचल प्रदेश बांस संसाधन एवं विकास एजेंसी, वन विभाग तथा सभी संबंधित हितधारकों के प्रयासों की सराहना की।

0000000000000000000000000

नामसाई विधायक चाउ जिंगनू नामचूम ने आज नामसाई में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों यानी फ़ूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीस के लिए स्थापित किए जा रहे औद्योगिक पार्क स्थल का दौरा कर चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। सोशल मीडिया पोस्ट में विधायक ने कहा कि यह महत्वाकांक्षी परियोजना मुख्यमंत्री पेमा खांडू के दूरदर्शी नेतृत्व तथा उपमुख्यमंत्री चौना मेन के समर्पित प्रयासों का परिणाम है, जिसका उद्देश्य औद्योगिक विकास को गति देना, रोजगार के अवसर सृजित करने के साथ ही किसानों और उद्यमियों के लिए मूल्य श्रृंखला को मजबूत बनाना है। एक अन्य कार्यक्रम में श्री नामचूम ने नामसाई नगर में मंडल अध्यक्षों और समर्पित पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ 'प्रगति पद यात्रा में भी भाग लिया। यह कार्यक्रम देशभर में मनाए जा रहे **'जन सेवा के 12 वर्ष'** समारोह का हिस्सा था।

0000000000000000000000000

फ़ोर्थ सब-जूनियर राज्य रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता 2026 का शुभारंभ आज ईटानगर स्थित खेलो इंडिया इंडोर बैडमिंटन स्टेडियम में हुआ। इस प्रतियोगिता का आयोजन कैपिटल कॉम्प्लेक्स बैडमिंटन एसोसिएशन (CCBA) द्वारा अरुणाचल स्टेट बैडमिंटन एसोसिएशन (ASBA) के तत्वावधान में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में अरुणाचल प्रदेश के इक्कीस जिलों से कुल एक सौ चोहत्तर खिलाड़ी ग्यारह स्पर्धाओं में भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के दौरान दौ सौ छिहत्तर मैच खेले जाएंगे जो आगामी सत्रह जून तक जारी रहेंगी।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के दो कलाकार रूमी ताकी और दोमिन कारबाक को संगीत नाटक अकादमी द्वारा सम्मानित किया गया है। इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने दोनों कलाकारों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में मुख्यमंत्री ने लिखा कि रूमी ताकी को लोक रंगमंच और पारंपरिक लोक नृत्य के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उस्ताद बिस्मिल्लाह ख़ान युवा पुरस्कार प्रदान किया गया है। वहीं, दोमिन कारबाक को अरुणाचल प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और स्वदेशी परंपराओं के संरक्षण, संवर्धन और समृद्धि में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

0000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज अरुणाचल प्रदेश के चार ज़िलो तवाङ, शी-योमी, दिबाङ वैली और आंजाव को छोड़ अन्य सभी ज़िलों के लिए अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया हैं।

0000000000000000000000000

तवांग जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) चरण-III अभियान आज आधिकारिक रूप से शुरू हुआ। इसके तहत बूथ स्तरीय अधिकारियों (BLOs) ने सटीक, समावेशी और अद्यतन मतदाता सूची सुनिश्चित करने के लिए घर-घर जाकर सत्यापन कार्य आरंभ किया। BLO द्वारा विभिन्न गांवों के बुजुर्गों तथा विभिन्न राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करने वाले बूथ स्तरीय एजेंटों (BLAs) के साथ बैठकें भी आयोजित कीं। इन बैठकों से समन्वय को मजबूत करने, जागरूकता बढ़ाने और मतदाता सत्यापन प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने में मदद मिली।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग द्वारा ट्रैनीस को रोजगार और उद्यमिता के लिए आवश्यक कौशल से सुसज्जित करने के उद्देश्य से, सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान - ITI पाङ्गिन में आज 'फिनिशिंग कोर्स कार्यक्रम-2026' का शुभारंभ हुआ।

उन्नीस जून 2026 तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में विभिन्न विषयों को शामिल किया गया है, जिनमें सरकारी योजनाएं, डिजिटल साक्षरता, रिज्यूमे लेखन एवं साक्षात्कार की तैयारी, श्रम एवं रोजगार संबंधी लाभ तथा उच्च शिक्षा के अवसर शामिल हैं।

0000000000000000000000000